## भाजपा नेता रोहित रवि ने भरवाए विशेष गहन पुनरीक्षण

✷ **एनसीआर टुडे. नगीना** ✷। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा उत्तर प्रदेश में चलाए जा रहे विशेष गहन पुनरीक्षण (एस.आ गभ्ई.आर) कार्यक्रम के तहत भाजपा नेता रोहित रवि ने नगीना विधानसभा के भाग संख्या 1प्र0 एवं 1प्रं में अभियान चलाकर लगभग प्र0 लोगों को जागरुक कर उनके विशेष गहन पुनरीक्षण(एस.आई.आर) प्रपत्र भरवाएत्र इस अवसर पर भाजपा नेता रोहित रवि ने बताया कि वह इस कार्यक्रम को लेकर जागरूकता अभियानचला रहे हैं।जिसके अंतर्गत कार्यक्रम संबंधी सही जानकारी विधानसभा वासियों को दी जा रही है एवं आवश्यक मदद की जा रही है। इस अवसर पर भाजपा नेता रोहित कुमार रवि,नरेश सिंह, बाबूराम सिंह,सीताराम सिंह, सुनील कुमार,प्रकाश सिंह,वीरेंद्र कुमार,मोनू कुमार, शुगम सिंह, आकाश कुमार,संदीप रवि,रविंद्र सिंह,अमन कुमार,बलवीर सिंह, मीना देवी,संध्या देवी,जय कौर एवं स्थानीय लोग उपस्थित रहेत्र

## सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती पर विशाल एकता यात्रा निकाली गई

✷ **एनसीआर टुडे. नहटौर** ✷। लौहपुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयंती पर क्षेत्र




में एकता और राष्ट्रभावना का अद्वितीय संगम देखने को मिला। ग्राम फुलसंदा से विधायक - मकुमार के नेतृत्व में विशाल एकता यात्रा निकाली गई।, जो नगर में भव्य स्वागत के बीच एसएनएसएम इंटर कॉलेज पहुंचकर संपन्न हुई। प्राप्त समाचार के अनुसार यात्रा शुक्रवार की सुबह फुलसंदा आश्रम से शुरू हुई। गांव सीकरी बुजुर्ग, फतेहपुर, नहटौर डिग्री कॉलेज, ऑक्सफोर्ड, पीएचसी और ।लू चौराहे पर पुष्पवर्षा कर स्वागत किया गया। समापन स्थल एसएनएसएम इंटर कॉलेज में आयोजित जनसभा में मुख्य अतिथि लोक निर्माण विभाग मंत्री कुंवर ब्रजेश सिंह ने कहा कि सरदार पटेल ने 5प्र5 रियासतों को जोड़कर अखंड भारत का निर्माण किया। उन्होंने कहा कि यदि पंडित नेहरू के स्थान पर पटेल को प्रधानमंत्री बनाया जाता, तो भारत बहुत पहले विकसित राष्ट्र बन चुका होता। मंत्री ने कहा कि 1ज्4च की ऐतिहासिक भूल को देश ने 2014 में सुधार लिया है और आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत सशक्त होकर विकसित राष्ट्र बनने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौहान, पिछड़ा मोर्चा जिलाध्यक्ष तिलकराज सैनी, ब्लॉक प्रमुख नहटौर राकेश कुमार, ब्लॉक प्रमुख हल्दौर बिजेंद्र सिंह, मंडल अध्यक्ष वैभव गोयल, दर्पण रावल, दीप सौरभ, शोभित त्यागी, सिद्धांत जैन सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी, छात्र-छात्राएं और नागरिक मौजूद रहे।

## तीन चोरों ने गली में खड़ी कार के पहिये, बैटरी पानी की मोटर चुराने का किया प्रयास

### जाग होने पर बिना नंबर की बाइक छोड़कर हुए फरार, पीछा करने पर फेंके पत्थर

✷ **एनसीआर टुडे. गाजियाबाद** ✷। लोनी बॉर्डर थाना क्षेत्र में बिना नंबर प्लेट बाइक सवार तीन चोरों ने गुरुवार तड़के गली में खड़ी लोगों के कार के पहिये और बैटरी चोरी करने का प्रयास किया। लोगों के एकत्र होने पर चोर पत्थर फेंकते हुए बाइक और रॉड को मौके पर छोड़कर फरार हो गए। शांति नगर कॉलोनी की गली नंबर चार में गुरुवार तड़के बिना नंबर प्लेट की बाइक पर तीन चोर पहुंचे। गली निवासी कुणाल ने बताया कि चोरों ने घर के बाहर लगे सबमर्सिबल के तार काटकर पानी की मोटर चुराने के साथ गली में खड़ी कार की बैटरी और पहिये चुराने का प्रयास किया। गली में शोर होने पर जाग हो गई। आरोप है कि लोगों के घर से बाहर निकलने पर चोरों ने पत्थर फेंके और चिल्लाकर गोली मारने की धमकी दी। लोगों को एकत्र होता देख चोर बाइक और लोहे की रॉड छोड़कर फरार हो गए। लोगों ने मामले की सूचना पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मौका मुआयना किया। बाइक और लोहे की रॉड पुलिस को सौंप दी। लोगों का आरोप है कि एक व्यक्ति ने दोपहर करीब चार बजे गली में स्वयं को डिलीवरी बॉय बताकर घर में मौजूद महिलाओं को परेशान किया। एसीपी अंकुर विहार ज्ञान प्रकाश राय ने बताया कि मामला संज्ञान में आया है। पुलिस चोरों की तलाश में जुटी है।

# शिवकुमार ने डाला दिल्ली में डेरा

### सीएम पद छोड़ने को तैयार नहीं सिद्धारमैया; कर्नाटक में फिर होगा 'नाटक'




**बेंगलुरु, एजेंसी।** कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया के अपने पद पर ढाई साल पूरा करने के बाद कर्नाटक में सियासी गहमागहमी बढ़ गई है। कहा जाता है कि विधानसभा चुनाव के परिणाम पक्ष में आने के बाद कांग्रेस आलाकमान ने सिद्धारमैया और डीके शिवकुमार के बीच 2.5-2.5 साल का फॉर्मूला दिया था। मतलब यह कि बारी-बारी से दोनों नेता मुख्यमंत्री बनाए जाएंगे। हालांकि सिद्धारमैया ने अपना इस्तीफा अब तक नहीं सौंपा है और ना ही वह इसके लिए तैयार दिख रहे हैं। इसके बाद डीके शिवकुमार ने पार्टी आलाकमान पर दबाव बढ़ाना शुरू कर दिया है। वह उनके प्रति वफादार एक मंत्री और कुछ विधायकों के साथ पार्टी आलाकमान से मिलने के लिए नई दिल्ली पहुंच गए हैं।

डीके शिवकुमार के साथ कर्नाटक के मंत्री एन चेलुवरयस्वामी दिल्ली पहुंचे हैं। इसके अलावा विधायक इकबाल हुसैन, एच सी बालकृष्ण और एस आर श्रीनिवास भी गुरुवार को दिल्ली पहुंचे। सूत्रों के अनुसार, शुक्रवार को 12 और विधायकों के दिल्ली पहुंचने की संभावना है।

डीके शिवकुमार के वफादारों का दावा है कि 2023 में कांग्रेस की जीत के बाद 'रोटेशन ऑफ चीफ मिनिस्टर' फॉर्मूले पर सहमति बनी थी। इस फॉर्मूले के तहत सिद्धारमैया के ढाई साल पूरे होने के बाद डीके शिवकुमार को मुख्यमंत्री बनाया जाना है। इससे पहले लगभग एक दर्जन एमएलसी ने भी दिल्ली में डेरा डाला था और कांग्रेस महासचिवों से मुलाकात की थी।

जब डीके शिवकुमार से इस मामले में विधायकों के दिल्ली जाने के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा कि वह इससे अनजान हैं और उनकी तबियत ठीक नहीं है। हालांकि, मुख्यमंत्री पद पर सिद्धारमैया के हालिया बयान पर उन्होंने कहा, 'मुझे इस बात की बहुत खुशी है। किसी ने न नहीं कहा है। किसी ने यह सवाल नहीं किया है कि वह मुख्यमंत्री नहीं रहेंगे। हमारी पार्टी ने उन्हें मुख्यमंत्री के रूप में काम करने की जिम्मेदारी दी है। हम सब मिलकर काम कर रहे हैं। '

चामराजनगर में एक सभा को संबोधित करते हुए सिद्धारमैया ने स्पष्ट संकेत दिया कि वह मुख्यमंत्री बने रहेंगे। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि उनकी स्थिति शुरुआत से ही मजबूत रही है और भविष्य में भी ऐसी ही बनी रहेगी। उन्होंने अपनी पिछली चुनौतियों को याद करते हुए कहा, 'जब मैं पहली बार वित्त मंत्री बना तो एक अखबार ने लिखा था - यह सिद्धारमैया सौ भेड़ें भी नहीं गिन सकता, कर्नाटक का वित्त मंत्री कैसे काम करेगा। मैंने इसे एक चुनौती के रूप में स्वीकार किया। मैंने 16 बजट पेश किए हैं। अगला 17वां बजट मैं ही पेश करूंगा।' यह बयान रोटेशन की अटकलों को सीधे तौर पर खारिज करने जैसा माना जा रहा है। डीके शिवकुमार के भाई और पूर्व सांसद डी के सुरेश ने कहा कि सिद्धारमैया कभी अपने वादों से पीछे नहीं हटते हैं। हालांकि जब उनसे पूछा गया कि क्या सिद्धारमैया शिवकुमार से किया वादा निभाएंगे, तो उन्होंने कहा कि उन्हें इस बारे में कोई जानकारी नहीं है। सुरेश ने कहा कि उनके भाई डीके शिवकुमार ने जो कुछ भी जरूरी था, वह पार्टी के वरिष्ठों को बता दिया है। उन्होंने कहा, 'अब यह मामला पार्टी, उसके नेतृत्व, ‹ढ्ढष्ट अध्यक्ष और राहुल गांधी के फैसले पर छोड़ दिया गया है। '

# गाजियाबाद में तुलसी निकेतन योजना नए सिरे से होगी विकसित

**गाजियाबाद, एजेंसी।**
गाजियाबाद के तुलसी निकेतन योजना के पुनर्विकास की प्रक्रिया तेज हो गई है। गाजियाबाद विकास प्राधिकरण (जीडीए) और नेशनल बिल्डिंग्स कंस्ट्रक्शन कॉर्पोरेशन (एनबीसीसी) के बीच समझौता पत्र (एमओयू) पर हस्ताक्षर होने के प्रस्ताव को आगामी बोर्ड बैठक में रखा जाएगा, जहां से स्वीकृति मिलने के बाद एमओयू साइन कर लेआउट तैयार होगा। फिर जर्जर फ्लैट की जगह नए सिरे से फ्लैट तैयार होंगे, जिनका आवंटियों को फायदा होगा।

जीडीए वर्ष 1989-90 में 7.83 हेक्टेयर क्षेत्रफल में तुलसी निकेतन योजना लाया था, जिसमें 2004 ईडब्ल्यूएस और 288 एलआईजी बनाए गए। कुल 2,292 मकानों में 60 दुकान भी हैं। यहां 20 हजार से अधिक आबादी रहती हैं। मकानों की हालत काफी खराब होने के कारण दीवारों का प्लास्टर गिरने की कई बार घटनाएं हो चुकी हैं।

इस समस्या को दूर करने के लिए प्राधिकरण ने यहां पुनर्विकास के तहत बहुमंजिला इमारत बनाने की योजना तैयार की, जिसके लिए क्षेत्र का सर्वे भी कर लिया गया है। वहीं, पिछले दिनों में एनबीसीसी की टीम ने जीडीए अधिकारियों को तुलसी निकेतन के जर्जर फ्लैट को तोड़ने के बाद यहां बहुमंजिला फ्लैट के निर्माण के मॉडल को लेकर प्रजेंटेशन भी दिया था, जो जीडीए को पसंद आया। अब जीडीए एनबीसीसी के साथ एमओयू हस्ताक्षर करेगा, जिसके लिए इसका प्रस्ताव आगामी बोर्ड बैठक में रखा जाएगा। बोर्ड की स्वीकृति मिलते ही दोनों के बीच एमओयू साइन होगा, जिसके बाद इसका लेआउट तैयार कर निर्माण कार्य भी शुरू किया जाएगा। अधिकारियों का साफ कहना है कि इस योजना का मकसद पैसे कमाना बिल्कुल नहीं है। यह प्रोजेक्ट प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री के उस विजन पर आधारित है, जिसका लक्ष्य है कि सरकारी योजनाओं का लाभ समाज के सबसे गरीब तबके तर पहुंचे। उन्होंने कहा कि प्राधिकरण नहीं चाहेगा कि इस योजना में रह रहे किसी भी परिवार को बेघर किया जाए। पुराने लोगों को भी आधुनिक सुविधाओं वाले रहने लायक नए आवास दिए जाएंगे। एनबीसीसी इस प्रोजेक्ट पर दो चरणों में काम करेगा। अधिकारी बताते हैं कि एमओयू साइन होने के बाद पहले चरण में एनबीसीसी इंडिया अगले आठ हफ्ते के भीतर जीडीए को एक शुरुआती रिपोर्ट सौंपेगी, जिसमें देखा जाएगा कि यह प्रोजेक्ट कैसे और कितनी आसानी से किया जा सकता है। दूसरे चरण में पहली रिपोर्ट के बाद काम को आगे बढ़ाने के लिए पूरी डीपीआर तैयार की जाएगी। आलोक रंजन, प्रभारी मुख्य अभियंता जीडीए, ''तुलसी निकेतन योजना के फ्लैट जर्जर हो चुके हैं। ऐसे में इनका रीडेवलपमेंट होगा।

# अजित पवार की एनसीपी को भाजपा की फिर से दो टूक

**मुंबई, एजेंसी।** महाराष्ट्र के मंत्री और भारतीय जनता पार्टी के नेता आशीष शेलार ने गुरुवार को कहा कि उनकी पार्टी आने वाले नगर निगम चुनावों में नवाब मलिक के नेतृत्व में राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के साथ कोई गठबंधन नहीं करेगी और धन शोधन मामले के आरोपी पूर्व मंत्री का समर्थन भी नहीं करेगी। शेलार ने संवाददाताओं से बातचीत में यहां कहा, ''हम नवाब मलिक का समर्थन नहीं कर सकते हैं और हमारा यही रुख पिछले साल विधानसभा चुनावों में भी था। हम अब भी इस पर अटल हैं, और भविष्य में भी हमारा रुख यही रहेगा।''

उन्होंने कहा, ''यह मलिक के बारे में नहीं, बल्कि उनके खिलाफ लगे गंभीर आरोपों के बारे में हैं। जब उनके खिलाफ हसीना पारकर के साथ संबंध होने के गंभीर आरोप लगे हैं तो ऐसे में हम अपने सिद्धांतों से समझौता नहीं कर सकते।'' यहां की एक अदालत ने हाल में दाऊद इब्राहिम के गिरोह की गतिविधि से जुड़े धन शोधन से संबंधित मामले में मलिक के खिलाफ आरोप तय किए हैं। भाजपा की यह टिप्पणी उसके बाद आयी है।

राकांपा के एक नेता ने संपर्क करने पर भाजपा की इस आलोचना को अधिक तवज्जो नहीं हुये कहा कि मलिक को दो महीने पहले ही मुंबई के लिए चुनाव समिति का प्रमुख बनाया गया था और पार्टी चुनाव लड़ने की तैयारी कर रही है। नेता ने नाम नहीं बताने की शर्त पर कहा, ''हमारी राजनीति किसी पर निर्भर नहीं है ।'' उन्होंने कहा कि पार्टी ने उम्मीदवारों से आवेदन मांगा है और बाद में तय करेगी कि वह कितनी सीटों पर चुनाव लड़ेगी। उप मुख्यमंत्री अजित पवार के नेतृत्व वाली राकांपा, भाजपा और एकनाथ शिंदे की अगुवाई वाली शिवसेना के साथ प्रदेश में सत्तारूढ़ महायुति का हिस्सा है। मलिक कई बार विधायक रह चुके हैं। वह अविभाजित राकांपा की मुंबई इकाई के अध्यक्ष थे। इसके बावजूद, कुछ इलाकों को छोड़कर, पार्टी की मुंबई में कभी कोई खास मौजूदगी नहीं रही। उन्होंने पिछले साल शिवाजीनगर-गोवंडी सीट से विधानसभा चुनाव लड़ा था लेकिन समाजवादी पार्टी उम्मीदवार से हार गये थे।

# बिहार की हार से आईएनडीआईए में तनाव

### अभी बचा है यूपी का चुनाव, कांग्रेस की कप्तानी को चुनौती

**पटना, एजेंसी।**
बिहार चुनाव में हार का सबसे बड़ा असर आईएनडीआईए गठबंधन पर पड़ता नजर आ रहा है। कहा जा रहा है कि गठबंधन में अंदरूनी टूट हो सकती है। वहीं, कुछ दल अलग होने का भी ऐलान कर सकते हैं। हालांकि, इसे लेकर आधिकारिक तौर पर कुछ नहीं कहा गया है। कई दल खुलकर सवाल उठा रहे हैं। बिहार में महागठबंधन सिर्फ 35 सीटों पर सिमट गया, जिसमें आईएनडीआईए गठबंधन की अगुवाई करने वाली कांग्रेस 6 सीटों पर ही सीमित रह गई। पार्टी ने कुल 61 सीटों पर चुनाव लड़ा था।

गठबंधन की अगुआई को लेकर तृणमूल लगातार कांग्रेस को चुनौती दे रही है। तृणमूल कांग्रेस, समाजवादी पार्टी, शिवसेना (यूबीटी) और आम आदमी पार्टी मिलकर संसद में कई बार स्थानीय मुद्दों को प्राथमिकता दे चुके हैं। इससे भी



लोकसभा में 99 सांसदों के बावजूद गठबंधन के अंदर कांग्रेस का दबदबा कम हुआ है। रणनीतिकार मानते हैं कि आईएनडीआईए गठबंधन के घटकदलों को सीट बंटवारे को लेकर आपसी समझ पैदा करनी होगी। ऐसा नहीं होता है तो वर्ष 2026 में होने वाले विधानसभा चुनावों पर इसका असर पड़ेगा। क्योंकि, कांग्रेस तमिलनाडु, केरल, असम और पुडुचेरी में दूसरी पार्टियों के साथ गठबंधन में चुनाव लड़ती है। वहीं, 2027 में हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, गोवा और गुजरात में कांग्रेस का भाजपा से सीधा मुकाबला होगा, पर इन चुनाव में बेहतर प्रदर्शन के लिए पार्टी को गठबंधन वाले राज्यों में खुद को साबित करना होगा। पार्टी इन चुनाव में बेहतर प्रदर्शन करती है, तो वह सीधा मुकाबले वाले राज्यों में भाजपा को हरा सकती है।

# गीतानंद महाराज की 21वीं पुण्यतिथि 23 को गोविंदाचार्य, कुलश्रेष्ठ एवं नामी धर्माचार्य भाग लेंगे है

✷ **एनसीआर टुडे. मथुरा** ✷

भारतीय जनता पार्टी के थिंकटैंक एवं महामंत्री संगठन रहे केएन गोविंदाचार्य, हाईकोर्ट के जज रहे एस एस कुलश्रेष्ठ एवं सुविख्यात धर्माचार्य ब्रह्मलीन राष्ट संत गीतानंद जी महाराज को पुष्पांजलि देने के लिये वृंदावन आयेंगे। राष्ट्र संत गीतानन्द जी महाराज की 21वीं पुण्यतिथि वृंदावन के गांधी मार्ग पर स्थित गीता आश्रम में 23 नवंबर को भव्यता के साथ मनाई जायेगी।

गीतानंद जी महाराज कारगिल युद्ध में प्रधानमंत्री कोष में 11 लाख एवं कोविड के दौरान भी उनके ट्रस्ट द्वारा 11 लाख पीड़ितों की सहायता के लिए दान देने से देश भर में चर्चित हुए उन्होंने कहा है संत राष्ट्र सेवा में भी पीछे नहीं रहते मुमुक्षु मंडल व गीता आश्रम वृन्दावन के प्रमुख महामंडलेश्वर डॉ. स्वामी अवशेषानन्द महाराज ने बताया कि इस भव्य आयोजन में अमेरिका, इंग्लैंड, कनाडा आदि देशों में रहने वाले महाराजश्री के शिष्य-अनुयायी बड़ी संख्या में भाग लेंगे।

इस अवसर पर हजारों साधुओं को तथा जरूरतमंदों को ऊनी वस्त्र-कंबल आदि दिये जायेंगे। 23 नवंबर रविवार की सुबह 10 बजे से 11.30 तक श्रद्धांजलि सभा होगी। उसके बाद 11.30 बजे से भंडारा शुरू हो जायेगा। डॉ. स्वामी अवशेषानंद ने बताया कि ब्रह्मलीन संत गीतानन्द महाराज ने अपने जीवन के आखिरी समय जनहितकारी कार्यों से समाज के प्रत्येक वर्ग की मदद करने का प्रयास किया था।

उत्तर भारत के वे ऐसे महान संत थे जो घट घट में भगवान के दर्शन करते थे तथा जिनका कार्य क्षेत्र उनके द्वारा देश के विभिन्न भागों में स्थापित किए गए आश्रमों के साथ आश्रम के बाहर भी था। उनकी आराधना का मूल मंत्र था 'प्रभु तुम हरौ जनन की पीर''।

वे ऐसे महान बिरले संत थे जिन्हें गीता न केवल कंठस्थ थी बल्कि गीता को उन्होंने अपने जीवन में उतारा भी था। गाय में 33 करोड़ देवताओं का वास होता है इसलिए उन्होंने गोशालाओं, पढ़ने के लिए संस्कृत पाठशाला, चिकित्सा के लिए समय समय पर विभिन्न प्रकार के शिविरों का आयोजन, संतों के लिए अन्न क्षेत्र, वृद्धों के लिए वृद्धाश्रम की स्थापना, हरिजन बच्चों के लिए हरिजन छात्रावास स्थापित किए।

प्राकृतिक आपदा में पुनर्वास एवं राहत कार्य भी इस महान संत के त्यागमय जीवन की कहानी के



पन्ने बोलते हैं। वृंदावन की पावन धरती पर चैतन्य महाप्रभु, बल्लभाचार्य, रूप गोस्वामी, जीव गोस्वामी, गोपाल भट्ट, जैसे संतों ने यदि धर्म की ध्वजा फहराई और श्यामा श्याम की लीलाओं के गूढ़ रहस्य को समाज के कोने तक पहुंचाया तो बीसवीं शती में देवरहा बाबा, श्रीपाद बाबा, आनन्दमयी मां, स्वामी अखण्डानन्द, स्वामी वामदेव, नीम करौली बाबा, जैसे संतों ने सनातन धर्म पर आए संकट से समाज को निकालकर एक दिशा दी। स्वामी गीतानन्द महाराज ने इससे अलग हटकर गीता के रहस्य को मानव जीवन में उतारने के मूलमंत्र को इस प्रकार प्रश्तुत किया कि पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के मुंह से सहज ही निकल पड़ा था कि यदि अन्य संत इसी भावना को लोगों तक पहुंचाने का प्रयास करें तो भारत अपने पुराने गौरव को प्राप्त कर सकता है।

कारगिल युद्ध के बाद प्रधानमंत्री रक्षा कोष में जमा करने के लिए जब महान संत ने 11 लाख रुपये की थैली तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी को सौंपी तो वाजपेयी अभिभूत होकर उक्त प्रतिक्रिया व्यक्त कर गए। परन्तु अहंकार से सर्वथा परे संतजी ने यह कहकर वाजपेयी को और आश्चर्यचकित कर दिया था कि इसमें उनका कुछ भी योगदान नहीं है। उन्होंने तो वही काम किया है जो एक पोस्टमैन करता है।

यह धनराशि उनके शिष्यों की है जिसे उन्होंने प्रधानमंत्री रक्षा कोष को दिया है। उनका सिद्धान्त था कि दान इस प्रकार दिया जाना चाहिए कि दाहिने हाथ से दिये गए दान का पता बाए हाथ को भी न चल सके। यही नहीं स्वामी गीतानंद जी के ट्रस्ट द्वारा 11 लाख रुपए कॉविड के दौरान भी प्रधानमंत्री कोष में पीड़ितों की मदद के लिए दिए गए थे स्वामी गीतानन्द महाराज दीपक की तरह थे जिन्होंने न केवल शिष्यों को बल्कि सम्पूर्ण मानवता को अंधकार से निकालकर

समाजसेवा का ऐसा सन्मार्ग दिखाया जो वाश्तविक मोक्ष का साधन है। उनका कहना था कि भगवत गीता मानव जीवन के जीने का विज्ञान है। गीता के रहस्य एवं चमत्कार को मानव अपने जीवन में उतारकर ही उसकी महत्ता और उपयोगिता का अनुभव कर सकता है।

गीता मानव को जन्म से लेकर मृत्यु तक हर परिस्थिति से मुकाबला करने और उसमें दी गई अच्छाइयों को उतारने की शिक्षा देती है। स्वामी गीतानन्द महाराज ने गीता पर प्रवचनों के माध्यम से समाज को बताया कि मनुष्य अपने कार्य एवं साधना से मानव की सेवा किस प्रकार कर सकता है। महाराजश्री के पास जो भी आया उसके मन को ऐसी शांति मिली कि उसके लिए वृन्दावन का अनूपयति गीता आश्रम ही तीर्थ बन गया।

# हिमाचल में रिटायर्ड बैंक कर्मचारी से बिना ओटीपी पूछे लाखों की ठगी

**शिमला, एजेंसी।** हिमाचल प्रदेश की राजधानी शिमला में एक रिटायर्ड बैंक कर्मचारी के साथ वॉट्सऐप लिंक के जरिए भेजी गई एपीके फाइल के माध्यम से करीब 16 लाख रुपए की ऑनलाइन ठगी का मामला सामने आया है। जिसके बाद इस मामले में पुलिस थाना ढली में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

शिकायतकर्ता शिमला निवासी पद्म देव एक राष्ट्रीयकृत बैंक से




सेवानिवृत्त हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार 17 नवंबर की शाम करीब 8 बजे उन्हें एक अनजान मोबाइल नंबर से फोन आया। कॉल करने वाले व्यक्ति ने खुद को बैंक से जुड़ा बताया और कहा कि उनका 'लाइफ सर्टिफिकेट' अपडेट करना है। इसी बहाने उसने पद्म देव के मोबाइल पर एक वॉट्सऐप लिंक भेजा, जिसमें एक एपीके फाइल को डाउनलोड करने के लिए कहा गया।

अगले दिन 18 नवंबर को उसी नंबर से दोबारा कॉल आई और उस व्यक्ति ने उन्हें अपने वॉट्सऐप नंबर पर बात करने को कहा। बात करते समय पद्म देव ने उसके द्वारा भेजी गई एपीके लिंक को खोल दिया। इस दौरान उनके फोन पर 3-4 ओटीपी आए, हालांकि उन्होंने कोई भी ओटीपी उस व्यक्ति को नहीं बताया। लेकिन इसके बावजूद फोन पर बातचीत के दौरान ही उस अज्ञात शख्स ने उनके मोबाइल फोन का डेटा एक्सेस कर लिया।

इसके बाद भी उनके फोन पर लगातार ओटीपी आते रहे।

### , खतौनी सुधार को लेकर योगी सरकार ने दी राहत

# किसान सम्मान निधि में रोड़ा बन रही बाधा होगी दूर

**लखनऊ, एजेंसी।**
यूपी में योगी सरकार की पहल से किसान सम्मान निधि में रोड़ा बन रही बड़ी बाधा दूर होने का रास्ता साफ हो गया है। राजस्व परिषद ने प्रदेश के लाखों किसानों को बड़ी राहत दे दी है। अब किसान अपनी खतौनी में दर्ज नाम को आधार कार्ड के अनुसार संशोधित करवा सकेंगे। इस नई सुविधा से प्रदेश के करीब तीन करोड़ से अधिक किसानों को सीधा लाभ मिलेगा। विशेषज्ञों का मानना है कि यह कदम न केवल प्रशासनिक प्रक्रियाओं को सरल बनाएगा, बल्कि किसानों को विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ लेने में आने वाली बाधाओं को भी दूर करेगा। वर्तमान में प्रदेश में खतौनी को आधार कार्ड से लिंक करने का व्यापक



अभियान चल रहा है। इस प्रक्रिया में सबसे बड़ी समस्या नामों में अंतर की है। कई मामलों में खतौनी में पिता का नाम, स्पेलिंग या सरनेम अलग होने के कारण आधार से मिलान नहीं हो पाता। नतीजतन, लाखों किसान प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की छह हजार रुपये वार्षिक सहायता राशि से वंचित रह जा रहे हैं। हर तिमाही दो-दो हजार रुपये की यह किस्त कई किसानों के खाते में नहीं पहुंच पा रही है, क्योंकि सिस्टम नाम मिलान में असफल हो जाता है। इसके अलावा, फसल बीमा योजना, ऋण माफी, भूमि अधिग्रहण मुआवजा या अन्य कल्याणकारी योजनाओं में भी खतौनी अनिवार्य दस्तावेज होती है। नाम में मामूली अंतर भी आवेदन रद्द होने का कारण बन जाता है, जिससे किसानों को बार-बार चक्कर लगाने पड़ते हैं और समय व धन की बर्बादी होती है। इसी समस्या को देखते हुए राजस्व परिषद ने महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। अब किसान बिना कोर्ट या लंबी कानूनी प्रक्रिया के आधार कार्ड के अनुसार खतौनी में नाम सुधार करवा सकेंगे।

## विकलांगों के लिए पिटारा खोलेंगे पाशा, तीन दिसम्बर को कलेक्ट्रेट में रजिस्ट्रेशन

✷ एनसीआर टुडे. बिजनौर ✷

राष्ट्रीय विकलांग एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष एमआर पाशा हर साल की तरह इस बार भी विकलांगों, विधवाओं, बुजुर्गों एवं गरीबों के लिए मदद का पिटारा खोलने जा रहे है।

एसोसिएशन के द्वारा शी ही ट्राई साइकिल, व्हील चेयर, बैशाखी, सिलाई मशीन एवं व्हील चेयर का वितरण किया जाएगा। एसोसिएशन के द्वारा इस संबंध में विशाल शिविर 'का आयोजन किया जाएगा। एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष एमआर पाशा ने बताया कि इसके लिए तीन दिसम्बर को कलेक्ट्रेट में रजिस्ट्रेशन कराए जाएंगे। उन्होंने सभी जरूरतमंदों का आह्वान करते हुए कहा कि वह निर्धारित तिथि को रजिस्ट्रेशन शिविर में पहुंच कर अपना नाम जरूर दर्ज करा दें। ताकि एसोसिएशन के द्वारा लगाए जाने वाले शिविर में उन्हें जरूरी सामग्री मिल सके।

दूसरी तरफ श्री पाशा ने कहा कि वर्तमान में विकलांगों व गरीबों के साथ अच्छा व्यवहार नहीं हो रहा है। अधिकारियों व व अन्य जिम्मेदारों के द्वारा उनके साथ सौतेला व्यवहार किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इस वर्ग को सहानुभूति एवं मदद की खास जरूरत है। लेकिन यह वर्ग उपेक्षा का शिकार हो रहा है। उन्होंने कहा कि वरिष्ठ अधिकारियों व जनप्रतिनिधियों को अपना नजरिया बदलना चाहिए। उन्होंने कहा कि न तो विकलांगों व गरीबों को समुचित पेंशन मिल रही है और न ही उन्हें सरकार के द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ मिल पा रहा है।

उन्होंने कहा कि विकलांगों व गरीबों को प्रतिमाह कम से कम 5 हजार रुपए की पेंशन मिलनी चाहिए। ताकि वह अपनी जरूरतों को पूरा कर सकें। उन्होंने कहा कि विभिन्न विभागों में विकलांगों वा गरीबों की सुनवाई नहीं हो पाती है। उन्होंने कहा कि विकास भवन में डूडा का कार्यालय तीसरी मंजिल पर है।॥ वहां पर विकलांग नहीं पहुंच पाते है। जिससे विकलांगों को डूडा की। विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ नहीं मिल पाता है। इसी तरह अन्य सरकारी विभागों के कार्यालय भी विकलांगों की पहुंच से दूर है।

# प्रदेश में आंशिक शीतलहर का असर खत्म

### ● मौसम में धुंध और कोहरे की चेतावनी; पूर्वानुमान हुए जारी



**लखनऊ , एजेंसी।** उत्तर प्रदेश में बीते दो दिनों से चल रही पुरवाई से मौसम में हल्का बदलाव देखने को मिला है। बृहस्पतिवार को कई इलाकों में दिन की धूप में तपिश गायब रही और दोपहर बाद धुंध का असर रहा। रात में शीतलहर से निजात रही लेकिन सुबह के वक्त पूर्वांचल और अवध के कुछ क्षेत्रों में कोहरे की चादर देखने को मिली। कोहरे के असर से अमेठी में तड़के सुबह दृश्यता 300 मीटर तक सिमट गई। मौसम विभाग का कहना है कि फिलहाल तीन दिनों तक दिन व रात के पारे में कोई खास बदलाव के आसार नहीं है। आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र लखनऊ के वरिष्ठ वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह का कहना है कि उत्तर प्रदेश में अगले तीन दिनों तक मौसम में फिलहाल ठहराव के संकेत हैं। इसके बाद प्रदेश में दोबारा पछुआ हवाओं का दौर शुरू होगा। साथ ही यहां के मौसम में दोबारा बदलाव की संभावना बनेगी।

**खिली धूप में चली पुरवाई, शाम ढलते ही छाई धुंध-** राजधानी में बृहस्पतिवार को पूरे दिन पूर्वा हवाएं चलीं। दिन में अच्छी धूप भी खिली रही। शाम ढलने के साथ ही हल्की धुंध का असर दिखाई दिया। मौसम विभाग का कहना है कि अगले तीन दिन पूर्वा हवाओं के असर से सुबह और देर शाम हल्के कोहरे व धुंध का असर दिखाई देगा। दिन में छिटपुट बादल भी नजर आ सकते हैं। मौसम विभाग के अनुसार, अगले तीन दिन तक दिन व रात के तापमान में कोई खास बदलाव के संकेत नहीं हैं। 23 नवंबर से प्रदेश में दोबारा पछुआ हवाओं का दौर शुरू होने के संकेत हैं। पछुआ के प्रभावी होने से मौसम में दोबारा बदलाव की संभावना बनेगी। ठंड और गलन में भी इजाफा हो सकता है।

राजधानी में बृहस्पतिवार को दिन का अधिकतम तापमान 0.1 डिग्री की मामूली बढ़त के साथ 27.8 डिग्री सेल्सियस और बीती रात का न्यूनतम तापमान 0.5 डिग्री की बढ़त के साथ 14 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड हुआ।

### लखनऊ की हवा का हाल

बृहस्पतिवार को लखनऊ का औसत वायु गुणवत्ता सूचकांक 192 रहा। गोमतीनगर, तालकटोरा और अलीगंज में वायु गुणवत्ता सूचकांक क्रमशः 201, 222 और 230 अंक के साथ ऑरेंज श्रेणी में रहा, जो हवा की सेहत के हिसाब से खराब है। बाकी तीन इलाकों में वायु गुणवत्ता सूचकांक पीली श्रेणी में रहा।

### नौसिखिए कर रहे अल्ट्रासाउंड

# कमर में दर्द पर किडनी में पथरी की दे दी रिपोर्ट; इलाज प्रभावित

**बलिया , एजेंसी।** बिहार से सटे बैरिया तहसील में दो सीएचसी व 10 स्वास्थ्य केंद्रों पर तहसील क्षेत्र के चार लाख लोगों के स्वास्थ्य की जिम्मेदारी है। उसके बावजूद किसी भी सरकारी अस्पताल में अल्ट्रासाउंड जांच की सुविधा नहीं है। जबकि अस्पतालों के इर्द-गिर्द 21 से अधिक अल्ट्रासाउंड जांच केंद्र संचालित हो रहे हैं। विभाग में दो का पंजीयन है। अधिकतर अवैध रूप से संचालित हो रहे हैं। सभी अल्ट्रासाउंड केंद्रों पर अप्रशिक्षित कर्मचारी मरीजों की जांच करते हैं। अल्ट्रासाउंड केंद्र रोगियों को जांच करने के बाद रिपोर्ट बिना सोनोलॉजिस्ट व रेडियोलॉजिस्ट के हस्ताक्षर के देते हैं। कमर दर्द के मरीज को किडनी की शिकायत की रिपोर्ट थमा दे रहे हैं। स्वास्थ्य विभागीय की मिलीभगत कहे या लापरवाही जिम्मेदार सबकुछ देखने व जानने के बाद भी कार्रवाई नहीं करते हैं। यहीं कारण है कि क्षेत्र में मानक को दर किनार कर अल्ट्रासाउंड केंद्र धड़ल्ले से संचालित हो रहे हैं।

### मरीजों-तीमारादों को परेशानी

पीसी–पीएनडीटी एक्ट के तहत अल्ट्रासाउंड सेंटर्स पर सख्त नियम हैं। हर रिपोर्ट पर रेडियोलॉजिस्ट या सोनोलाजिस्ट का नाम, पंजीयन संख्या, हस्ताक्षर और तारीख अनिवार्य है। लेकिन बैरिया तहसील के अधिकांश सेंटर्स इन नियमों की धज्जियां उड़ा रहे हैं। किसी भी सेंटरों पर चिकित्सक व टेक्नीशियन नहीं हैं। सिर्फ फर्जी कागज से सेंटर खोल कर संचालक सेंटर चला रहे हैं।

बैरिया कस्बा व रानीगंज में कई अल्ट्रासाउंड वाले अधिक पैसा लेकर लिंग की भी जांच खुलेआम करते हैं। सोनोलॉजिस्ट न होने के कारण गलत रिपोर्ट के कारण मरीज के इलाज प्रभावित होता है। कुछ सेंटर मरीजों को सादे कागज पर प्रिंट की गई अल्ट्रासाउंड रिपोर्ट थमा दे रहे हैं। इसको लेकर स्थानीय लोगों में आक्रोश व्याप्त है।

### पोस्टर प्रतियोगिता व कविता पाठ में दिखाई प्रतिभा



**लखनऊ, एजेंसी।** लखनऊ। खुन खुन जी गर्ल्स पीजी कॉलेज में अंतर महाविद्यालयीय प्रतियोगिता का बृहस्पतिवार को आगाज हुआ। रंगोली प्रतियोगिता, भाषण प्रतियोगिता, पोस्टर प्रतियोगिता, फेस पेंटिंग, सोलो सॉन्ग और कविता पाठ हुआ। कॉलेज की प्राचार्या डॉ. अंशु केडिया ने बताया कि दो दिवसीय प्रतियोगिताओं का परिणाम शुक्रवार को घोषित किया जाएगा। मुख्य अतिथि पूर्व राज्यसभा सदस्य अशोक बाजपेई ने प्रतिभागियों का उत्साह बढ़ाया। प्रतियोगिताओं में नवयुग महाविद्यालय, गुरु नानक डिग्री कॉलेज, कालीचरण डिग्री कॉलेज, अटल बिहारी बाजपेयी डिग्री कॉलेज, जय नारायण पीजी कॉलेज, आईटी कॉलेज, करामत डिग्री कॉलेज के विद्यार्थी प्रतिभाग कर रहे हैं। मौके पर राज्य सूचना आयुक्त डॉ. दिलीप अग्निहोत्री मौजूद रहे।

# दिल्ली धमाके की जांच में सहारनपुर पर फोकस

**लखनऊ, एजेंसी।** जैश-ए-मोहम्मद के फरीदाबाद माड्यूल द्वारा दिल्ली में आतंकी घटना अंजाम देने के बाद जांच के केंद्र में सहारनपुर आ रहा है। खासकर सहारनपुर का देवबंद तमाम आतंकी संगठनों के स्लीपिंग माड्यूल्स की पनाहगाह रहा है। इनमें आतंकी मसूद अजहर का संगठन जैश-ए-मोहम्मद भी शामिल है। मसूद वर्ष 1994 में देवबंद आ चुका है। अब ऑपरेशन सिंदूर में अपने करीबी परिजनों को खोने के बाद जैश के इस व्हाइट कॉलर माड्यूल की जड़ें देवबंद में भी तलाशी जा रही हैं। मसूद के देवबंद आने के बाद से पश्चिमी उप्र के इस जिले में जैश-ए-मोहम्मद की गतिविधियों में इजाफा होता चला गया। वर्ष 1994 में जैश के आतंकियों ने हापुड़ से तीन विदेशियों का अपहरण किया था ताकि जेल में बंद आतंकियों को रिहा कराया जा सके।

**आतंकियों का यूपी पुलिस से लखनऊ में आमना-सामना हुआ-** वर्ष 2001 में पहली बार जैश के आतंकियों का यूपी पुलिस से लखनऊ में आमना-सामना हुआ। बड़ी वारदात को अंजाम देने की फिराक में यूपी आए जैश के तीन आतंकियों सलीम उर्फ बाबर, राशिद उर्फ फैजान और सज्जाद उर्फ तलहा को एसटीएफ ने गोमतीनगर इलाके में एनकाउंटर में ढेर कर दिया था। उनके पास से दो किलो आरडीएक्स, एक एके-47 समेत तमाम हथियार बरामद हुए थे। इसके बाद 9 मार्च 2003 को मुजफ्फरनगर में जैश के दो आतंकियों कुपवाड़ा निवासी इजाज हुसैन जान और मेराज हसन को पकड़ा गया। उनके पास से संसद भवन का नक्शा और हथियार बरामद हुए थे। इसके तीन दिन बाद एसटीएफ ने नोएडा में छिपे उनके एक साथी को एनकाउंटर में ढेर कर दिया था। इसके बाद जैश के आतंकियों ने अयोध्या को निशाना बनाया और 5 जुलाई 2005 को रामजन्मभूमि परिसर में आतंकी हमले का प्रयास किया।



### आतंकी हैंडग्रेनेड फेंकते हुए परिसर में घुस का प्रयास कर रहे थे

आतंकी हैंडग्रेनेड फेंकते हुए परिसर में घुसने का प्रयास करने लगे, लेकिन वहां मौजूद सीआरपीएफ के जवानों ने जवाबी फायरिंग कर 5 आतंकियों को मौके पर ही ढेर कर दिया। इस घटना में शामिल सहारनपुर निवासी डॉ. इरफान, जम्मू निवासी आसिफ इकबाल उर्फ फारुख, शकील अहमद, पुंछ निवासी मोहम्मद नसीम और मोहम्मद जीम को दबोच लिया गया। वहीं फरवरी, 2019 में एटीएस ने देवबंद के खानकाह मोहल्ला स्थित नाज मंजिल छात्रावास से जैश से जुड़े दो कश्मीरी युवकों शाहनवाज अहमद तेली और आकिब मलिक को गिरफ्तार किया था। दोनों देवंबद में रहकर जैश के लिए युवाओं की भर्ती कर रहे थे। इनमें शाहनवाज बम बनाने में एक्सपर्ट था और सीधे मसूद अजहर के संपर्क में रहता था। इस मामले की जांच एनआईए को दी गई थी, जिसके बाद बीते वर्ष दोनों को सात वर्ष की सजा सुनाई गई थी।

### मस्जिद में रुका था अजहर

बता दें कि मसूद अजहर सहारनपुर आने के बाद देवबंद के नामचीन शिक्षक संस्थान दारुल उलूम और कासमी कब्रिस्तान भी गया था। उसके साथ दो कश्मीरी आतंकी भी आए थे और तीनों एक मस्जिद में रुके थे। हालांकि कुछ दिन बाद उसे सेना ने श्रीनगर से गिरफ्तार कर लिया था। 24 दिसंबर 1999 को विमान को हाईजैक करने के बाद कंधार ले जाने पर मसूद अजहर समेत कई आतंकियों को रिहा करना पड़ा था।

# निर्लज्जता की हद पार: पत्नी को खुद ही दोस्तों के साथ बिस्तर पर परोसा, वीडियो भी किया शूट; विरोध पर की क्रूरता

**लखनऊ , एजेंसी।** राजधानी लखनऊ में महिला ने पति पर कोल्ड ड्रिंक में नशीला पदार्थ मिलाकर अपने दोस्तों के साथ अनैतिक कार्य करवाने का आरोप लगाया है। पीड़िता का कहना है कि दहेज के लिए पति उसे पीटता है।

विरोध करने पर निजी तस्वीरें वायरल करने की धमकी देता है। तहरीर के आधार पर पति और उसके दोस्तों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। मामला वजीरगंज थाना क्षेत्र का है। पीड़िता ने बताया कि 14 अक्तूबर 2022 को उनका निकाह हरदोई रोड पर अंधे की चौकी के पास रहने वाले व्यापारी से हुआ था। आरोप है कि निकाह के कुछ दिन बाद ही पति उन पर अतिरिक्त दहेज के लिए दबाव बनाने लगा। विरोध पर शराब पीकर आए दिन उन्हें पीटता और भूखा रखता था।

### विरोध पर पति ने बुरी तरह पीटा

एक दिन पति घर पहुंचा और कोल्ड ड्रिंक में नशीला पदार्थ मिलाकर उन्हें पिला दिया। बेहोश होने पर पति के दोस्तों ने उनके साथ अनैतिक कार्य किया। अश्लील वीडियो और फोटो भी बनाई। होश में आने पर पीड़िता ने विरोध किया तो पति ने बुरी तरह पीटा।

### ज्ञान परंपरा



**लखनऊ , एजेंसी।** लखनऊ विश्वविद्यालय के 105वें स्थापना दिवस सप्ताह के तहत बृहस्पतिवार को शैक्षणिक व्याख्यान श्रृंखला का आयोजन हुआ। डॉ. मंडवी त्रिपाठी ने कहा कि भारतीय ज्ञान परंपरा का आधार वैज्ञानिक है। डॉ. सतीश चंद्र ने रस सूत्र व मनोभाव पर बात रखी। दोनों वक्ताओं ने भारतीय ज्ञान परंपरा की वैज्ञानिक आधारशिला, भारतीय गणित की प्राचीन उपलब्धियों और रस सिद्धांत के मनोवैज्ञानिक आयामों पर रोचक ढंग से अपनी बात रखी।विशिष्ट अतिथि वरिष्ठ पत्रकार आशुतोष शुक्ला ने संवाद को जीवन विकास का आधार बताया। मौके पर प्रो. एसए रिजवी, प्रो. भुवनेश्वरी भारद्वाज, प्रतीक मिश्र आदि मौजूद रहे।

## तलाक, गुजारा भत्ता और बच्चों की कस्टडी: पति-पत्नी के झगड़े, फिर कोर्ट कचहरी

### टूटने की कगार पर 10 हजार शादियां

**आगरा , एजेंसी।** पति पत्नी के बीच पारिवारिक विवाद तेजी से बढ़ रहे हैं। छोटी-छोटी बातों पर शुरू हुए झगड़े अब सीधे अदालत की चौखट तक पहुंच रहे हैं।

दीवानी स्थित परिवार न्यायालय में पिछले 6 वर्षों में 30 हजार से अधिक मुकदमे दर्ज किए गए हैं। कुछ दिन पहले हाईकोर्ट ने भी इस पर चिंता जताई थी। प्रदेश में लंबित मुकदमों की जानकारी मांगी थी। पारिवारिक न्यायालयों में इस समय करीब 10 हजार से अधिक मुकदमों की सुनवाई चल रही है।

इनमें तलाक, गुजारा भत्ता, बच्चों की कस्टडी व संरक्षण से जुड़े विवाद ज्यादा हैं। माता-पिता ने अपने बच्चों से गुजारा भत्ते की मांग को लेकर भी अदालत का रुख अपनाया है।

पुलिस भी केस दर्ज करने से पहले परिवार परामर्श केंद्र में काउंसलिंग कराती है। अगर काउंसलिंग न कराई जाए तो संख्या और बढ़ जाएगी।

### मंत्री के सामने बच्चों ने गाए गीत

**सरोजनीनगर , एजेंसी।** प्रदेश की महिला एवं बाल विकास विभाग मंत्री बेबी रानी मौर्या ने बृहस्पतिवार को रामचौरा स्थित आंगनबाड़ी केंद्र का निरीक्षण किया। केंद्र में संचालित गतिविधियों और बच्चों व माताओं को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं की समीक्षा की। इस दौरान बच्चों ने गीत, खेल व निशानेबाजी जैसे कार्यक्रम प्रस्तुत किए। तीन बच्चों को विदाई प्रमाणपत्र दिए गए। महिलाओं और बच्चों की समस्याएं सुनने के साथ समाधान के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। मंत्री ने गोद भराई और अन्नप्राशन की औपचारिकताएं पूरी कीं। लाभार्थियों को हॉट कुक मील वितरित किया गया।

## नन्हे सितारों से चमका मंच, मिला सम्मान

**लखनऊ , एजेंसी।** बच्चे किसी भी समाज की सबसे निर्मल रोशनी होते हैं। उनकी मुस्कान, उनकी ऊर्जा और उनका जज्बा हर अंधेरे को मिटाने की क्षमता रखता है। इसी उजली ताकत का शानदार नजारा तब देखने को मिला जब बाल गृहों के बच्चों ने राज्यस्तरीय प्रतियोगिता 'तरंग' में अपनी रचनात्मकता की रोशनी बिखेरी और हर किसी का मन मोह लिया।

दस दिवसीय जिलास्तरीय बाल प्रतियोगिता के समापन पर गोमतीनगर स्थित भागीदारी भवन में बृहस्पतिवार को आयोजित इस भव्य सम्मान समारोह में बच्चों के संघर्ष, कला और उमंग को सलाम किया गया। महिला कल्याण एवं बाल विकास मंत्री बेबी रानी मौर्य ने बच्चों की हौसलाअफजाई करते हुए कहा कि हर बच्चा एक चमकता सितारा है। बस जरूरत है उसकी रोशनी को पहचानने और निखारने की। कार्यक्रम में राज्यमंत्री प्रतिभा शुक्ला ने भी बच्चों का उत्साह बढ़ाया।

यूनिसेफ के सहयोग से हुई इस दो-दिवसीय राज्यस्तरीय प्रतियोगिता में लोक नृत्य, गायन, पेंटिंग, कहानी-वाचन, खेल कौशल सहित कई विधाओं में बच्चों ने दमदार प्रदर्शन किया। लखनऊ, गौतमबुद्धनगर, कानपुर, वाराणसी, शाजहांपुर, ललितपुर, मथुरा, देवरिया और फिरोजाबाद के 90 बच्चों को सम्मानित किया गया। इस दौरान अपर मुख्य सचिव लीना जौहरी, निदेशक संदीप कौर और यूनिसेफ चीफ जकारी एडम सहित कई अधिकारी मौजूद रहे।

परिसर में लगी बच्चों की प्रदर्शनी ने उपस्थित सभी लोगों को चकित कर दिया। टूटे-फूटे सामान से बनाई गई उपयोगी और आकर्षक वस्तुओं ने स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण का सुंदर संदेश दिया। बेबी रानी मौर्य और प्रतिभा शुक्ला ने प्रत्येक कृति को ध्यान से देखकर बच्चों की प्रतिभा की खुलकर प्रशंसा की। कानपुर के स्वरूपनगर स्थित राजकीय बालगृह बालिका यूनिट की प्रदर्शनी ने दर्शकों का विशेष ध्यान खींचा। बालगृह की शिक्षिका सुमन वर्मा ने बताया कि बच्चों को आसानी से देश के स्वतंत्रता सेनानियों का नाम याद कराने के लिए टीवी की तरह बायस्कोप बनाया।



## वर्ल्ड बॉक्सिंग कप फाइनल्स 2025: भारत ने नौ स्वर्ण पदक जीतकर इतिहास रचा

**ग्रेटर नोएडा, एजेंसी।** भारत ने मुक्केबाजी के ग्लोबल स्टेज पर अपना अब तक का सबसे शानदार प्रदर्शन किया। शहीद विजय सिंह पथिक स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में आयोजित 'वर्ल्ड बॉक्सिंग कप फाइनल्स 2025' के ऐतिहासिक आखिरी दिन भारतीय खिलाड़ियों ने घरेलू दर्शकों के सामने नौ स्वर्ण पदक जीते। ओलंपिक-क्लास के खास डिवीजनों में अपना दबदबा दिखाते हुए, भारत की महिलाओं ने ऐतिहासिक जीत के साथ बढ़त बनाई, जबकि पुरुषों के सेक्शन में दो स्वर्ण पदक मेजबान देश के लिए एक अहम मील के पत्थर बन गए। भारत ने इस अभियान को नौ स्वर्ण, छह रजत और पांच कांस्य पदक के साथ खत्म किया, जिसमें हिस्सा लेने वाले 20 मुक्केबाजों में से हर एक ने पोडियम पर जगह बनाई। अंतिम दिन भारत की महिलाओं के नाम रहा। दोपहर के सेशन में मीनाक्षी (48 किग्रा), प्रीति (54 किग्रा), अरुंधति चौधरी (70 किग्रा) और नूपुर (80 प?लस किग्रा) के साथ एक-एक स्वर्ण पदक जीता। इसी तरह शाम के सेशन में निखत जरीन (51 किग्रा), जैस्मिन लैम्बोरिया (57 किग्रा) और परवीन (60 किग्रा), सभी पोडियम पर टॉप पर पहुंचीं। लॉस एंजिल्स ओलंपिक्स में सभी वेट कैटेगरी में जेंडर पैरिटी लाने की तैयारी है। ऐसे में आखिरी दिन भारतीय महिलाओं के दबदबे ने वर्ल्ड बॉक्सिंग में देश के बढ़ते रुतबे को और दिखाया। शाम की हाइलाइट वर्ल्ड चैंपियन जैस्मिन लैम्बोरिया रहीं। लैम्बोरिया ने एक ब्लॉकबस्टर फाइनल में पेरिस ओलंपिक पदक विजेता वू शिह यी को 4:1 से हराकर सबको चौंका दिया। उन्होंने संयम के साथ लड़ते हुए शुरू में ही शानदार कॉम्बिनेशन से अपनी लय बनाए रखी और बाद में दबाव को शांति से झेलते हुए इस इवेंट में भारत की सबसे बड़ी जीत हासिल की। ??दो बार की वर्ल्ड चैंपियन निकहत जरीन ने चीनी ताइपे की गुओ यी जुआन को शानदार सटीकता और रिंग कंट्रोल से 5:0 से हराया, जबकि परवीन ने जापान की अयाका तागुची को तेज काउंटर और बेहतर मूवमेंट से 3:2 से हराया।

दिन की शुरुआत में, मीनाक्षी ने मौजूदा एशियन चैंपियन फरजोना फोजिलोवा पर 5:0 की शानदार जीत के साथ मेडल की दौड़ शुरू की। उन्होंने तेज रफ्तार, एकदम सटीक और मजबूत डिफेंस दिखाया। इसमें एक शानदार लेफ्ट-राइट कॉम्बिनेशन भी शामिल था, जिसने राउंड 1 से ही माहौल बना दिया था। प्रीति ने इसके बाद एक और जबरदस्त 5:0 की जीत हासिल की। उन्होंने लगातार दबाव और क्लीन स्कोरिंग मुक्कों से इटली की वर्ल्ड चैंपियनशिप मेडलिस्ट सिरीन चर्राबी को हराया।

अरुंधति चौधरी ने 18 महीने बाद शानदार वापसी करते हुए उज्?बेकिस्तान की अजीजा जोकिरोवा को 5:0 से हराया। उन्होंने सटीक जैब, अनुशासित डिफेंस और पूरे टैक्टिकल कंट्रोल की मदद से यह जीत हासिल की। ??नूपुर ने उज्?बेकिस्तान की सोटिम्बोएवा ओल्टिनोय को 3:2 से हराकर फाइनल राउंड में शानदार शॉट लगाकर अपना पहला वर्ल्ड बॉक्सिंग कप फाइनल्स टाइटल जीता।

भारत के पुरुषों ने अपने घरेलू अभियान में दो और स्वर्ण पदक जीते। सचिन (60 किग्रा) ने किर्गिस्तान के मुनारबेक उलु सेइतबेक को 5:0 से हराया। इस दौरान उन्होंने एक्यूरेसी, मोमेंटम कंट्रोल और क्लीन पंचिंग का मिक्सचर दिखाया। फाइनल्स की सबसे शानदार जीत हितेश (70 किग्रा) की रही, जिन्होंने शुरुआती पिछड़ने के बाद कजाकिस्तान के नूरबेक मुर्सल को 3:2 से हराकर रोमांचक मुकाबले में जगह बनाई। राउंड 2 और 3 में जबरदस्त काउंटर और शांत फिनिश के साथ वापसी की।

भारत ने जदुमणि सिंह (50 किग्रा), पवन बर्तवाल (55 किग्रा), अभिनाश जामवाल (65 किग्रा) और अंकुश फंगल (80 किग्रा) के जरिए छह सिल्वर मेडल जीते। इन सभी ने वर्ल्ड बॉक्सिंग कप के इतिहास में अब तक के सबसे मजबूत ग्रुप में शानदार प्रदर्शन किया। नरेंद्र बेरवाल (90+ किग्रा) ने कड़ी टक्कर दी, लेकिन उज्?बेकिस्तान के ताकतवर खलीमजोन मामासोलिएव से 5:0 से हारकर रजत पदक से ही संतोष करना पड़ा। वहीं, पूजा रानी महिलाओं के 80 किग्रा फाइनल में वर्ल्ड बॉक्सिंग कप मेडलिस्ट अगाता कज्मार्स्का से हार गईं।

भारत के ऐतिहासिक स्वर्ण पदकों के अलावा, बाकी फाइनल में कई ग्लोबल पावरहाउस ने शानदार प्रदर्शन किया। ऑस्ट्रेलिया की एम्मा-सू ग्रीनट्री ने महिलाओं के 75 किग्रा के फाइनल में इटली की मेलिसा जेमिनी पर 5:0 से जबरदस्त जीत हासिल करके सबको प्रभावित किया। वहीं, चीनी ताइपे की ओलंपिक मेडलिस्ट चेन निएन-चिन ने महिलाओं के 65 किग्रा डिवीजन में 4:1 से शानदार जीत हासिल की।

उज्बेकिस्तान ने कई डिवीजनों में अपना दबदबा बनाया। इसमें असिलबेक जलीलोव (50 किग्रा), समंदर ओलिमोव (55 किग्रा), जावोखिर अब्दुरखिमोव (75 किग्रा ) और मामासोलिएव (90+ किग्रा) ने शानदार प्रदर्शन कर स्वर्ण पदक जीता। इंग्लैंड ने दो चैंपियन बनाए। इसमें शिट्टू ओलादिमेजी ने 80 किग्रा में अंकुश को हराया, और इसाक ओकोह ने 90 किग्रा का ताज हासिल किया। जबकि जापान के शियोन निशियामा ने पुरुषों के 65 किग्रा फाइनल में 4:1 से जीत हासिल की और कजाकिस्तान के सुल्तानबेक ऐबारुली ने 85 किग्रा पुरुषों के वर्ग में टॉप किया।

**एशेज:**

## स्टार्क के बाद स्टोक्स का 'पंजा', पहले ही दिन गिरे 19 विकेट



**नई दिल्ली, एजेंसी।** ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के बीच एशेज सीरीज 2025-26 की शुरुआत बेहद रोमांचक रही। मुकाबले के पहले ही दिन 19 विकेट गिरे। इंग्लैंड को 172 रन पर समेटने के बाद ऑस्ट्रेलियाई टीम ने महज 123 रन तक अपने 9 विकेट गंवा दिए हैं। फिलहाल मेजबान टीम इंग्लैंड से 49 रन पीछे है। ऑस्ट्रेलिया की ओर से मिचेल स्टार्क ने सात विकेट हासिल किए, जिसके बाद 5 विकेट के साथ इंग्लिश कप्तान बेन स्टोक्स ने करारा जवाब दिया है। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी इंग्लैंड की टीम इस तेज पिच पर महज 32.5 ओवरों का ही सामना कर सकी। मेहमान टीम ने पहली पारी में सिर्फ 172 रन बनाए। इस टीम को छठी गेंद पर जैक क्रॉली (0) के रूप में बड़ा झटका लगा। उस समय तक इंग्लैंड का खाता भी नहीं खुल सका था। इसके बाद टीम ने 39 के स्कोर तक अपने 3 विकेट गंवा दिए। यहां से ओली पोप ने हैरी ब्रूक के साथ चौथे विकेट के लिए 67 गेंदों में 55 रन की पारी खेली। पोप 46 रन बनाकर आउट हुए। ब्रूक ने बेन स्टोक्स के साथ पांचवें विकेट के लिए 21 रन जुटाए, जबकि जेमी स्मिथ के साथ 45 रन की साझेदारी की। इंग्लैंड की इस पारी में हैरी ब्रूक अर्धशतक लगाने वाले इकलौते बल्लेबाज रहे। उन्होंने 61 गेंदों में 1 छक्के और 5 चौकों के साथ 52 रन की पारी खेली, जबकि जेमी स्मिथ ने टीम के खाते में 33 रन जोड़े। मेजबान टीम की ओर से मिचेल स्टार्क ने 12.5 ओवरों में 58 रन देकर 7 विकेट हासिल किए, जबकि ब्रेंडन डोगेट ने 2 विकेट अपने नाम किए। शेष एक विकेट कैमरून ग्रीन ने निकाला।

इसके जवाब में ऑस्ट्रेलियाई टीम ने पहले दिन की समाप्ति तक 39 ओवरों में 9 विकेट खोकर 123 रन बनाए। इंग्लैंड की तरफ से ऑस्ट्रेलिया ने भी खाता खुलने से पहले ही सलामी बल्लेबाज का विकेट गंवा दिया था। डेब्यूटेंट जैक वेदरलैंड शून्य पर पवेलियन लौटे। कप्तान स्टीव स्मिथ ने मार्नस लाबुशेन के साथ दूसरे विकेट के लिए 28 रन की साझेदारी की। लाबुशेन महज 9 रन बनाकर पवेलियन लौटे, जिसके बाद टीम ने 31 के स्कोर तक 4 विकेट गंवा दिए। यहां से ट्रेविस हेड ने कैमरून ग्रीन के साथ पांचवें विकेट के लिए 45 रन की साझेदारी की। हेड टीम के खाते में 21 रन जोड़कर आउट हुए। ऑस्ट्रेलिया की तरफ से पहली पारी में एलेक्स कैरी ने सर्वाधिक 26 रन बनाए, जबकि कैमरून ग्रीन ने 24 रन जुटाए। दिन की समाप्ति तक नाथन लियोन (3) और ब्रेंडन डोगेट (0) अंतिम जोड़ी के रूप में नाबाद रहे।

# भारत-साउथ अफ्रीका दूसरा टेस्ट आज से गुवाहाटी में

- टीम इंडिया पर क्लीन स्वीप होने का खतरा
- नीतीश रेड्डी को मिल सकता है मौका

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत और साउथ अफ्रीका के बीच 2 टेस्ट की सीरीज का दूसरा मुकाबला आज से गुवाहाटी के बरसापारा स्टेडियम में खेला जाएगा। मैच सुबह 9:00 बजे शुरू होगा, टॉस 8:30 बजे होगा। भारतीय कप्तान शुभमन गिल का इस मैच में खेलना मुश्किल है। ऐसे में नीतीश रेड्डी को मौका मिल सकता है।





भारत सीरीज में 0-1 से पीछे हैं। साउथ अफ्रीका ने पहला मैच 30 रन से जीता था। पहले टेस्ट में हार के बाद मेजबान भारत पर क्लीन स्वीप होने का खतरा मंडरा रहा है। इस मैदान पर पहली बार टेस्ट मैच खेला जाएगा, ऐसे में पिच और परिस्थितियों को देखते हुए प्लेइंग इलेवन का सिलेक्शन भी अहम रहने वाला है। पहले टेस्ट में भारतीय बल्लेबाज बड़ी पारियां खेलने में नाकाम रहे थे। शुरुआती ओवर्स में पेसर्स और बाद में स्पिनर्स के सामने बल्लेबाज लगातार दबाव में दिखाई दिए।

### गिल के खेलने पर संशय

भारतीय कप्तान शुभमन गिल कोलकाता टेस्ट में गर्दन में ऐंठन की वजह से पहली पारी सिर्फ तीन गेंदें खेलने के बाद रिटायर्ड हर्ट हो गए थे। इसके बाद उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया। मुकाबले के तीसरे दिन की सुबह, बीसीसीआई ने कहा कि वह टेस्ट में आगे हिस्सा नहीं लेंगे। गिल के दूसरे टेस्ट में भी खेलने पर संशय बना हुआ है।

## शुभमन गिल की जगह बल्लेबाजी कर सकते हैं ध्रुव जुरेलः सीतांशु कोटक




**गुवाहाटी, एजेंसी।** भारत के बल्लेबाजी कोच सीतांशु कोटक ने गुवाहाटी में शनिवार से दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ शुरू हो रहे दूसरे टेस्ट से पहले कप्तान शुभमन गिल की रिकवरी पर अपडेट दिया है। कोटक ने कहा कि गिल तेजी से रिकवर कर रहे हैं। कोटक ने कहा, 'वह निश्चित रूप से ठीक हो रहे हैं।

मैं उनसे कल मिला था। फिजियो और डॉक्टरों को यह तय करना है कि अगर वह पूरी तरह से ठीक भी हो जाते हैं, तो मैच के दौरान ऐंठन दोबारा होने की संभावना है या नहीं। यह बहुत जरूरी है। अगर कोई भी संशय है, तो मुझे यकीन है कि वह एक और गेम के लिए आराम करेंगे। एक खिलाड़ी और कप्तान के रूप में शुभमन की कमी टीम को खलेगी।' उन्होंने कहा, 'भारतीय टीम में गहराई है। अगर गिल दूसरे टेस्ट में नहीं खेलते हैं, तो हमारे पास उनकी जगह लेने के लिए अच्छे खिलाड़ी हैं। हो सकता है गिल की जगह खेलने वाला गुवाहाटी में शतक लगा दे।'

बल्लेबाजी कोच ने संकेत दिया कि अगर गिल दूसरे टेस्ट में नहीं खेलते हैं, तो उनकी जगह ध्रुव जुरेल चौथे नंबर पर बल्लेबाजी कर सकते हैं।

**आईजीपीएल:**

## प्रणवी ने रचा इतिहास, पुरुष खिलाड़ियों को पछाड़कर जीता आईजीपीएल खिताब



**नई दिल्ली, एजेंसी।** प्रणवी ने आईजीपीएल आमंत्रण मुंबई में अंतिम दौर में आठ अंडर 60 का हफ्ते का सर्वश्रेष्ठ स्कोर बनाया। प्रणवी का कुल स्कोर 18 अंडर रहा। प्रणवी उर्स गुरुवार को आईजीपीएल टूर में इतिहास रचते हुए पुरुष खिलाड़ियों के साथ खेलते हुए पेशेवर टूर्नामेंट जीतने वाली पहली भारतीय महिला गोल्फर बनीं। प्रणवी ने आईजीपीएल आमंत्रण मुंबई में अंतिम दौर में आठ अंडर 60 का हफ्ते का सर्वश्रेष्ठ स्कोर बनाया। प्रणवी का कुल स्कोर 18 अंडर रहा। कल तक शीर्ष पर चल रहे करणदीप कोच्चर अंतिम दौर में 64 के स्कोर से कुल 12 अंडर के स्कोर के साथ दूसरे स्थान पर रहे।

# भारत-पाकिस्तान टी-20 वर्ल्ड कप में 15 फरवरी को भिड़ेंगे

**टूर्नामेंट की शुरुआत 7 फरवरी से; फाइनल 8 मार्च को अहमदाबाद में हो सकता है**

**दुबई, एजेंसी।** अगले साल होने वाले टी-20 वर्ल्ड कप में भारत-पाकिस्तान मैच 15 फरवरी को कोलंबो के आर प्रेमदासा स्टेडियम में खेला जा सकता है। यहां पर 5 अक्टूबर को विमेंस वनडे वर्ल्ड कप में भारत-पाकिस्तान मैच भी खेला गया था। रिपोर्ट्स के अनुसार बीसीसीआई ने अपना प्रस्तावित शेड्यूल आईसीसी को भेज दिया है। आईसीसी जल्दी ही इसका ऐलान कर सकता है। टी-20 वर्ल्ड कप की शुरुआत 7 फरवरी से हो सकती है। जबकि, फाइनल मैच 8 मार्च को खेला जा सकता है। सेमीफाइनल और फाइनल के वेन्यू का निर्धारण भारत-पाकिस्तान की स्थिति पर निर्भर करेगा। अगर पाकिस्तान की टीम फाइनल में नहीं पहुंचती है तो यह मुकाबला अहमदाबाद में होगा। पाकिस्तान के फाइनल के लिए क्वालिफाई करने पर मुकाबला श्रीलंका में खेला जाएगा। आईसीसी या बीसीसीआई की ओर से शेड्यूल पर अबतक कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है।




# भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम के कोच पर यौन शोषण का आरोप

**खेल मंत्रालय ने दिए जांच के आदेश**

**नई दिल्ली, एजेंसी।** केंद्रीय खेल मंत्रालय ने भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम के कोच के पर लगे यौन शोषण के आरोपों की जांच का आदेश दिया है। भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम को एफआईएच हॉकी जूनियर वर्ल्ड कप 2025 में हिस्सा लेने के लिए चिली के सैंटियागो में जाना है। इस टूर्नामेंट की शुरुआत 1 दिसंबर से होगी और इससे पहले ही खेल मंत्रालय ने ये कदम उठाया है।

**भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम टीम के कोच पर लगा यौन शोषण का आरोप:** भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम टीम पिछले दिनों जो विदेशी दौरे किए थे और उन दौरों में से एक के दौरान कथित गलत व्यवहार की रिपोर्ट की गई थी। ये टूर जून में अर्जेंटीना, बेल्जियम और नीदरलैंड्स और सितंबर में ऑस्ट्रेलिया के थे। माना जा रहा है कि महिला टीम की एक सदस्य कई बार कोच के कमरे में जाती हुई पाई गई थी। इस मामले पर खेल मंत्रालय से जुडे एक अधिकारी ने कहा कि हम पहले जांच की रिपोर्ट का इंतजार करेंगे और फिर कोई एक्शन लिया जाएगा। हमारा डिपार्टमेंट इस तरह से मामलों को काफी गंभीरता से लेता है और अगर कोई दोषी है तो हम सख्त एक्शन लेंगे। हालांकिअभी तक न तो खेल मंत्रालय न ही भारतीय खेल प्राधिकरण और न ही भारत में फील्ड हॉकी की गवर्निंग बॉडी हॉकी इंडिया से कोई फॉर्मल शिकायत की गई है। इसके बाद यह मामला स्पोर्ट्स मिनिस्टर मनसुख मंडाविया के ध्यान में लाया गया जिन्होंने इस मामले की जांच के आदेश दिए हैं। स्पोर्ट्स मिनिस्ट्री के एक सोर्स ने द ट्रिब्यून को बताया कि यह गंभीर मामला हमारे ध्यान में लाया गया था और इसीलिए जांच के आदेश दिए गए हैं। अभी हम जल्दबाज़ी में कुछ नहीं कहना चाहते क्योंकि हमें पहले डिटेल्स पता करनी हैं। हम रिपोर्ट का इंतजार करेंगे और फिर एक्शन लेंगे।



**पलाश मुच्छल ने ऐसे जीता स्मृति मंधाना का दिल**

## जिस मैदान पर जीता वर्ल्ड कप, वहीं किया एक घुटने पर बैठकर प्रपोज...



**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय महिला क्रिकेट टीम की उपकप्तान स्मृति मंधाना और संगीतकार पलाश मुच्छल शादी के बंधन में बंधने वाले हैं। पलाश ने डीवाई पाटिल स्टेडियम में स्मृति को शादी के लिए प्रपोज किया। यह वही स्टेडियम है जहां टीम इंडिया ने महिला विश्व कप 2025 जीता था। मंधाना औ पलाश पहले भी एक दूसरे के साथ सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव नजर आ चुके हैं।

### सोशल मीडिया पर पोस्ट किया वीडियो

यह प्रपोजल 6 दिन पहले हुआ था, लेकिन पलाश ने यह वीडियो आज, 21 नवंबर को शेयर किया। इस कपल की शादी रविवार, 23 नवंबर 2025 को होगी। स्मृति मंधाना ने महिला विश्व कप 2025 में शानदार प्रदर्शन किया था। जीत के बाद पलाश मुच्छल ने इंस्टाग्राम पर एक फोटो शेयर की थी, जिसमें उनके हाथ पर टैटू साफ दिख रहा था। इस टैटू में 'स्रू' का मतलब स्मृति मंधाना है और '18' उनके जन्मदिन और जर्सी नंबर को दर्शाता है।

